*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत किसानों के लिए एक कृषि वार्ता कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 18 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के माध्यम से भीमताल ब्लॉक के ग्राम ज्योली में किसानों के लिए एक दिवसीय कृषि वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना के प्रधान अन्वेषक डा. एम. ए. अंसारी, सह–प्रधान अन्वेषक, डा. ललित भट्ट एवं डा. किरण राणा के नेतृत्व में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान किसानों से कृषि सम्बन्धित विषयों पर चर्चा की गयी एवं प्याज की उन्नत किस्म की पौध वितरित की गई। परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है।

ग्राम ज्योली में विगत कई वर्षों से फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस परियोजना के माध्यम से किसानों को नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी, उन्नत बीज एवं पौध, साथ ही समय–समय पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। परियोजना के अंतर्गत किसानों को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक कृषि सामग्री भी प्रदान की जाती है। पूर्व में परियोजना के अंतर्गत वितरित किए गए बीजों एवं पौधों से किसानों को बेहतर उपज प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें अच्छा आर्थिक लाभ मिला है। ग्राम ज्योली के किसानों ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए बताया कि फार्मर फर्स्ट परियोजना से उन्हें खेती में नई दिशा मिली है और उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। किसानों ने परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में यह जानकारी दी गई कि भविष्य में भी फार्मर फर्स्ट परियोजना के माध्यम से इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़कर आगे बढ़ाया जा सके।

